हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

13 दस सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



14 गोशाला के वार्षिक उत्सव में दानदाताओं का सम्मान



## खबर संक्षेप

### अनुष्का शर्मा ने बॉटनी में नेट जेआरएफ में पाई 15वीं रैंक



झज्जर। न्यू हाईट्स एकेडमी की पूर्व छात्रा कुमारी अनुष्का शर्मा ने सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा के बॉटनी विषय में ऑल इंडिया रैंक 15 प्राप्त कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनुष्का ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 200 में से 158.5 अंक प्राप्त करते हुए 99.97 परसेंटाइल हासिल किया। मनोज भारद्वाज ने बताया कि अनुष्का ने अपनी बीएससी मेडिकल की पढ़ाई महाराजा अग्रसेन कॉलेज तथा एमएससी ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज रोहतक से पूरी की। इस उपलब्धि पर उन्होंने अनुष्का शर्मा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कई इलाकों में तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली

बहादुरगढ़। शहर के 132 केवी सब स्टेशन पर निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के चलते शुक्रवार 27 फरवरी को सुबह सात से 10 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बारे में जानकारी देते हुए 33 केवी सब स्टेशन सेक्टर-2 के इंचार्ज मनोज वत्स ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के कारण 33 केवी सब स्टेशन सेक्टर-2 से संचालित 11 केवी कबाड़ी मार्केट, सेक्टर-2, हाउसिंग बोर्ड, बीपीएल, वृंदावन, सेक्टर-6, नंद द्वार, रूहिल तथा केएलजे फीडर्स की बिजली सप्लाई निर्धारित समयावधि में बंद रहेगी। उन्होंने संबंधित क्षेत्रों के निवासियों व उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पूर्व तैयारी कर लें और विभाग के सहयोग में धैर्य बनाए रखें। मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

### परिवेदना समिति की बैठक आज

झज्जर। सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रत्येक परिवाद पर आवश्यक विचार-विमर्श करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### अनाज मंडी परिसर में खड़ी बाइक चोरी

झज्जर। स्थानीय अनाजमंडी परिसर में खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। जिले के गांव बिसहान निवासी भूप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्थानीय कोर्ट में तारीख पर आया था तो उसने अपनी बाइक अनाजमंडी के पिछले गेट के नजदीक खड़ी की थी। जब वह तीन बजे वापिस बाइक खड़ी करने के स्थान पर पहुंचा तो वहां से उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी।

### बिजली उपभोक्ताओं की आज सुनेंगे समस्याएं

झज्जर। शुक्रवार को बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम बेरी कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और मौके पर ही समाधान होगा।

---

सुर्खपुर मोड़ के पास आगे चल रहे ट्राले ने अचानक मारे ब्रेक, पीछे आ रही कार टकराई

# कार और ट्राले की टक्कर में पत्नी की मौत, आईटीबीपी जवान घायल

**रोहतक से कार में सवार होकर रेवाड़ी के धामलावास जा रहा था दंपति**

**रोहतक के सुनारिया में तैनात था जवान, पत्नी को घुमाने लाया था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर के रोहतक रेवाड़ी बाईपास स्थित सुर्खपुर मोड़ के नजदीक हुई एक कार व ट्रक की टक्कर हो गई।



मृतका पूनम।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। जिसके कारण कार में सवार पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान रेवाड़ी जिले के धामलावास निवासी करीब 32 वर्षीय पूनम पत्नी मोनू यादव के तौर पर हुई है। दुर्घटना के बाद ट्राला चालक मौके स फरार हो गया, जबकि घायल हुए पूनम व मोनू यादव को राहगीरों की सहायता से उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पूनम को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मोनू यादव से मामले की जानकारी ली तथा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। इसके बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा वीरवार की सुबह करीब पौने सात बजे उस समय हुआ जब मोनू यादव व पूनम गाड़ी में सवार होकर रोहतक से अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते सुर्खपुर मोड़ के पास पहुंचे तो उनकी गाड़ी आगे चल रहे ट्राले के द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण उससे जा टकराई। हादसे के बाद ट्राला चालक अपने ट्राले को लेकर मौके से भाग निकला। मामले के जांच अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि मोनू यादव के बयान पर अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

जांच अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि मोनू यादव आईटीबीपी का जवान है तथा फिलहाल ट्रेनिंग के सिलसिले में सुनारिया में तैनात है। वह अपनी पत्नी पूनम को भी रोहतक घुमाने लाया था।



झज्जर। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार व मौके पर खड़े लोग।

### अनियंत्रित गाड़ी पेड़ से टकराई, लगी आग

झज्जर। बेरी कलानौर मार्ग पर बुधवार देर रात बाकरा मोड़ के नजदीक तेज गति से आ रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेड़ से टकराने के बाद गाड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके कारण पिकअप गाड़ी जलकर पूरी तरह राख हो गई। चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। बाद में राहगीरों द्वारा सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को दी गई। बाद में मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने आग पर काबू पाया।



### पिकअप और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

बहादुरगढ़। गांव मुंडाखेड़ा में बुधवार रात को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप गाड़ी से मोटरसाइकिल टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बादली थाना पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 22 वर्षीय सागर के रूप में हुई है। सागर गांव बाढ़सा का रहने वाला था। जबकि हांसी का निवासी सचिन हादसे में घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार, सागर बुधवार की देर रात को बाइक पर सवार होकर अपने दोस्त सचिन को बादली छोड़ने जा रहा था। गुरुग्राम-बादली मार्ग पर मुंडाखेड़ा कट के निकट पहुंचे तो सड़क किनारे एक पिकअप गाड़ी खड़ी थी। आरोप है कि उसके इंडिकेटर चालू नहीं थे और न ही कोई रिफ्लेक्टर लगा था। एकाएक बाइक उस गाड़ी से टकरा गई। दोनों को गंभीर चोट आई। उन्हें एसजीटी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सागर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस और परिजन अस्पताल में पहुंचे। सागर के ताऊ धर्मबीर का कहना है कि पिकअप चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

---

श्रीराम वाटिका के निकट वारदात

# उधार दिए पैसे वापस मांगे तो चाकू व डंडों से हमला

■ लाइनपार के विकास नगर निवासी युवक को पीजीआई रोहतक रेफर किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

लाइनपार के विकास नगर में रुपयों के लेनदेन के चलते एक युवक पर चाकू व डंडों से हमला किया गया है। हमले में युवक घायल हो गया और उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। घायल की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात विकास नगर के निवासी नवीन के साथ हुई है। नवीन का कहना है कि उसने कॉलोनी निवासी नितेश को 13 हजार रुपये उधार दिए थे, लेकिन वापस मांगे तो वह टालमटोल करने लगा। उसने रुपये देने के लिए 24 फरवरी का दिन तय किया था। निर्धारित अवधि आई तो मैंने उससे रुपये मांगे तो उसने देने से इंकार कर दिया और कहने लगा कि किसी को बताया तो मार दूंगा। दोपहर करीब पौने एक बजे मैं श्रीराम वाटिका के निकट अपने दोस्त के प्लॉट में गाड़ी खड़ी करके बाहर निकला तो नितेश अपने दोस्त हर्ष के साथ आया। आते ही मुझ पर चाकू व डंडों से हमला कर दिया, जिसमें मुझे काफी चोट आई। उधर, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगी।

# भापड़ोदा में पैसे वापस मांगने पर चाचा को पीटा, दांत तोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

गांव भापड़ोदा में रास्ता रोककर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। हमले में उसके दांत टूट गए और काफी चोट आई है। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। भतीजे पर ही मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। मामला रुपयों के लेनदेन से जुड़ा हुआ है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात भापड़ोदा के निवासी सुरेश के साथ हुई है। सुरेश का कहना है कि उसने अपने भतीजे को उधार रुपये दिए थे लेकिन वापस नहीं दे रहा। जब भी रुपये मांगता हूं तो धमकी देता है। गत 23 फरवरी को पैसे मांगने गया तो इंकार कर दिया और धमकी दी। फिर अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर मैं घर जाने लगा। तभी रास्ते में भतीजा अपने दो साथियों संग वहां आया। मैं वहां से बचकर भागने लगा तो उन्होंने पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। मुक्के मारकर दांत तोड़ दिए। दूर तक घसीटने लगे। शोर सुनकर लोग एकत्र होने लगे तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसके बाद अगले दिन अस्पताल में भर्ती हुआ तो पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में पुख्ता रही सुरक्षा व्यवस्था

# एसडीएम व एसीपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

■ एसडीएम रेणुका नांदल व एसीपी अनिल कुमार ने जहाजगढ़ और दूबलधन में जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं और बाहरवीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। वीरवार को दसवीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षाओं को लेकर जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, वहीं विभिन्न उड़नदस्तों की टीमें भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करती रही। जिसके कारण परीक्षा शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न हुई। एसडीएम रेणुका नांदल, एसीपी अनिल कुमार ने जहाजगढ़ व दूबलधन में चल रही परीक्षाओं के दौरान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नकल रहित परीक्षा संचालन के लिए जीरो टॉलरेंस पर काम करें। अगर कहीं भी गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो स्टाफ स्वयं जिम्मेदार होगा।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर कोई भी अवांछित गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। वहीं एसीपी अनिल कुमार ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से परीक्षा केंद्र में घुसने का प्रयास करे तो उसे तुरंत राउंडअप करें। साथ ही आस-पास के क्षेत्र में झुंड बनाकर खड़े होने वाले लोगों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करें।



झज्जर। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करती एसडीएम व एसीपी।

# युवक के कागजात लेकर धोखे से खोली कंपनी अवैध गतिविधियों में केस दर्ज होने पर पता चला

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले के गांव याकूबपुर निवासी एक युवक द्वारा एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी, पहचान के दुरुपयोग और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है। इस बारे में पुलिस आयुक्त को दी गई शिकायत में याकूबपुर निवासी शिव कुमार ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का कार्य करता है।

उसके चचेरे भाई ने बीते वर्ष फरवरी माह में उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से कराई थी। उसने स्वयं को बड़े व्यापारियों का टैक्स सलाहकार बताते हुए नई कंपनी खोलने के लिए उससे और उसके एक दोस्त से उनके दस्तावेज मांगे। शिव कुमार के अनुसार आरोपी ने भरोसा दिलाया कि सारा काम कानूनी है और मुनाफे में उन्हें हिस्सा दिया जाएगा। आर्थिक तंगी के कारण उसने अपने आधार, पैन कार्ड और बैंक दस्तावेज उसे सौंप दिए। बाद में इन दस्तावेजों का कथित रूप से दुरुपयोग कर एक फर्जी नाम से कंपनी पंजीकृत कर दी गई। उसने बताया कि उसे इन लेन-देन की कोई जानकारी नहीं थी और न ही उसे कोई आर्थिक लाभ मिला। नवंबर 2025 में उसे पता चला कि कंपनी के खातों में अवैध गतिविधियों के चलते उसके नाम से एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। पीड़ित ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



**आरोप : कंपनी में मुनाफे का लालच देकर डिलीवरी ब्वॉय को झांसे में लिया, उसके नाम से कंपनी खोलकर अवैध कार्य किए**

---

# चंद्रग्रहण के चलते बदला होली मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

फाल्गुन पूर्णिमा के दिन चंद्रग्रहण व सूतक काल के कारण नजफगढ़ रोड स्थित श्रीबालाजी महाराज मंदिर में होली का कार्यक्रम सोमवार दो मार्च को आयोजित किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन की ओर से जारी सूचना के अनुसार, श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व पूजा की विशेष व्यवस्था निर्धारित की गई है। दो मार्च की सुबह पांच बजे बाबा का चोला व श्रृंगार होगा। फिर साढ़े छह बजे आरती और शाम सात बजे बाबा का भोग लगाया जाएगा। तीन मार्च को सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर मंगला आरती के बाद मंदिर के पाट बंद कर दिए जाएंगे। सूतक समाप्ति सायं छह बजकर 47 मिनट पर होगी। इसके बाद रात आठ बजे मंदिर के पाट पुनः खोले जाएंगे तथा रात्रि 10 बजे शयन आरती होगी। चार मार्च को सुबह छह बजे से दर्शन प्रारंभ होंगे और आठ बजे से 10 बजे तक होली मिलन कार्यक्रम होगा।

### एमपी माजरा के तालाब में मिला महिला का शव

बहादुरगढ़। गांव एमपी माजरा स्थित तालाब में एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। मौत की सूचना मिलने पर आसपास काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। मृतका की पहचान शर्मिला के रूप में हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में महिला का पांव फिसलने से तालाब में डूबने की आशंका जताई गई है। असल कारण जांच का विषय है। मामले में पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई की है।

# बातचीत के बहाने बुलाकर हमला बोला

■ कंधे व हाथ पर तेजधार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल किया, जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लाइनपार स्थित एक होटल में व्यक्ति पर तेजधार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शंकर गार्डन के निवासी कृष्ण ने कहा कि 23 फरवरी को उसके पास आकाश का फोन आया और बातचीत के लिए नाहरा नाहरी फ्लाईओवर के नीचे स्थित एक होटल पर बुलाया। मैं वहां गया और हमने बातचीत की। घर से फोन आया तो मैं होटल से बाहर निकलने लगा। इसी दौरान आकाश पीछे से आया और मांस काटने वाले हथियार से कंधे पर वार किया। दोबारा वार करने लगा तो सिर को बचाने के लिए मैंने हाथ अड़ा दिया। इससे मेरा हाथ कट गया। शोर सुनकर लोग इकट्ठे हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर हथियार सहित वहां से भाग गया। लोगों ने मुझे नजदीक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच चल रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है।

# इस्सरहेड़ी में अवैध कॉलोनी काटने पर प्रशासन की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जिला प्रशासन ने गांव इस्सरहेड़ी में बिना लाइसेंस और तय प्रक्रिया पूरी किए काटी जा रही अवैध कॉलोनी के मामले में सख्त कार्रवाई की है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित जमीन की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।



■ डीसी के आदेश- यहां नहीं होगी रजिस्ट्री

प्रशासन के अनुसार, गांव के मुसतिल/किला नंबर 120/2, 121, 122, 123, 124, 271, 280, 468, 470, 471, 476, 477, 696, 697, 698, 699, 1261, 1262 व 1267 में सड़क बनाकर और नक्शा दिखाकर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इन खसरा नंबरों से जुड़े किसी भी प्रकार के सेल डीड, एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी या फुल पेमेंट एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड या एग्जीक्यूट करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। डीटीपी कार्यालय के अनुसार संबंधित भूमि के लिए न तो विभाग से कोई लाइसेंस लिया गया है, न ही सीएलयू अथवा एनओसी प्राप्त की गई है। जारी निर्देशों के तहत बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार का बिजली कनेक्शन जारी न करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो को साइट पर सख्त निगरानी रखने और किसी भी प्रकार का निर्माण या सड़क नेटवर्क विकसित न होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

---

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने बस को दिखाई हरी झंडी

# बेरी से गुरुग्राम शीतला माता मंदिर तक रोडवेज बस शुरू

**बस प्रतिदिन सुबह छह बजे बेरी से प्रस्थान कर डीघल, सांपला, बहादुरगढ़ और द्वारका एक्सप्रेस-वे मार्ग से होते हुए गुरुग्राम जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरी

धर्मनगरी बेरी से शीतला माता मंदिर गुरुग्राम तक नई रोडवेज बस सेवा का वीरवार को शुभारंभ किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा देवी-देवताओं की पावन भूमि है। बेरी की धरा पर स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यहां दर्शन करने के बाद अनेक श्रद्धालु गुरुग्राम स्थित शीतला माता मंदिर में भी माथा टेकने जाते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और उनकी आस्था को ध्यान में रखते हुए यह सीधी बस सेवा शुरू की गई है, जिससे यात्रा सुगम, सुरक्षित और किफायती बनेगी। उन्होंने कहा कि यह बस सेवा केवल श्रद्धालुओं के लिए ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

रोडवेज महाप्रबंधक संजीव तिहाल ने बताया कि यह बस प्रतिदिन सुबह छह बजे बेरी से प्रस्थान कर डीघल, सांपला, बहादुरगढ़ और द्वारका एक्सप्रेस-वे मार्ग से होते हुए गुरुग्राम तक जाएगी। निर्धारित समय-सारणी के अनुसार बस का संचालन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।




बेरी। बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली।

प्रतिभाएं / शिखर चंद जैन

# क्रिएटिव-इनोवेटिव ये लिटिल साइंटिस्ट

विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में बड़ी उम्र के वैज्ञानिक ही नहीं, बाल वैज्ञानिक भी अपना उल्लेखनीय योगदान देकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इनके आविष्कार जनहित में बहुत उपयोगी हैं। जानो, ऐसे ही कुछ प्रतिभावान नन्हे वैज्ञानिकों के बारे में।





## स्वयं सोढ़ा : सबसे कम उम्र के कोडिंग एक्सपर्ट्स में शामिल

**स्वयं सोढ़ा,** विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक उभरता हुआ बाल वैज्ञानिक और नवाचारी (इनोवेटर) है। मुंबई के रहने वाले स्वयं को उसके असाधारण तकनीकी ज्ञान के लिए जाना जाता है। स्वयं ने मात्र चार वर्ष की आयु में पायथन प्रोग्रामिंग सीखना शुरू कर दिया था। उसे दुनिया के सबसे कम उम्र के कोडर में से एक माना जाता है। बारह साल की उम्र में ही स्वयं ने सूचना प्रौद्योगिकी में मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त कर ली। स्वयं ने 'स्वयंईजोन' नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की है, जो भविष्य के स्मार्ट चश्मे विकसित करने पर केंद्रित है। स्वयं का मानना है, ये चश्मे आने वाले वर्षों में स्मार्टफोन की जगह ले सकते हैं। स्वयं डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों में गहरी रुचि रखता है। स्वयं को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें नेहरू विज्ञान केंद्र जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं। स्वयं न केवल कोडिंग का मास्टर है, बल्कि नेहरू साइंस सेंटर जैसे बड़े मंचों पर जाकर वह अन्य बच्चों को भी 'स्टेम' मतलब विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित सीखने के लिए प्रेरित करता है। *

## राउल जॉन अजू : बारह साल की उम्र में बनाया रोबोट

**केरल के** राउल जॉन अजू को 'भारत का एआई किड' कहा जाता है। विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियां असाधारण हैं। राउल ने मात्र छह साल की उम्र में कोडिंग और एआई सीखना शुरू किया और बारह साल की उम्र में अपना पहला रोबोट बनाया। उसने 'मी बॉट' नामक एक ह्यूमनॉइड रोबोट विकसित किया है, जो उसकी अपनी आवाज में बात कर सकता है, उसके कार्यों में मदद करता है। राउल, केरल और दुबई (यूएई) सरकारों के लिए एक आधिकारिक एआई सलाहकार के रूप में काम कर रहा है, जहां वह 'जस्ट ईज प्रोजेक्ट 47X' जैसे नागरिक-केंद्रित एआई सिस्टम विकसित करने में मदद कर रहा है। राउल ने 'एआई रियल्म टेक्नोलॉजीज' नामक स्टार्टअप की स्थापना की है। राउल ने वैश्विक स्तर पर 1.5 लाख से अधिक छात्रों और पेशेवरों को एआई का प्रशिक्षण दिया है, जिनमें आईआईटी मद्रास और गूगल टेक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के लोग शामिल हैं। राउल तीन बार टेड-एक्स स्पीकर रह चुका है, उसने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव जैसे बड़े मंचों पर अपनी बात रखी है। राउल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'बिल्डाथॉन' में दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता भी रहा है। *



## आराध्या जैन : बुजुर्गों-दृष्टिबाधितों के लिए बनाई स्मार्ट स्टिक

**आराध्या जैन,** विज्ञान और तकनीक क्षेत्र में एक असाधारण प्रतिभावान बच्ची है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। आराध्या को 2026 के 'टॉप 100 ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी' में चुना गया है। उसे जून 2025 में ब्रिटिश संसद (लंदन) में 'इनोवेशन और टेक्नोलॉजी' श्रेणी में सम्मानित किया गया। आराध्या ने समाज की समस्याओं के समाधान के लिए कई तकनीकी प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। आराध्या ने बुजुर्गों और दृष्टिबाधित लोगों के लिए स्मार्ट स्टिक बनाई है। यह स्टिक उन्हें न केवल वस्तुओं से टकराने से बचाती है, बल्कि एआई का उपयोग करके गिरने से भी रोकती है। यह स्टिक आपातकालीन स्थिति में जीपीएस के माध्यम से लोकेशन भी शेयर करती है। विकासशील देशों में ट्रैफिक की समस्या को कम करने के उद्देश्य से आराध्या ने स्वचालित टोल गेट और सेल्फ-ड्राइविंग कार के मॉडल भी तैयार किए हैं। आराध्या ने गणित, विज्ञान और साइबर टेक्नोलॉजी के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में कई स्वर्ण पदक जीते हैं। वह 70 से अधिक देशों के बच्चों के बीच आयोजित 'इकोट ग्लोबल हैकथॉन' की फाइनलिस्ट भी रही है। महान महिला वैज्ञानिक मैडम क्यूरी को अपना आदर्श मानने वाली आराध्या, भविष्य में एक वैज्ञानिक बनकर दुनिया को बेहतर बनाने की चाह रखती है। *



## मनीषका दुबे : बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाया विशेष बैंड

**विज्ञान और** नवाचार के क्षेत्र में भारत की एक प्रसिद्ध बाल आविष्कारक है मनीषका दुबे। देहरादून की रहने वाली मनीषका ने मात्र पांच वर्ष की आयु से तकनीक के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया था। उसने बच्चों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बैंड विकसित किया है, जो बच्चों के खो जाने पर उनके माता-पिता को ढूंढने में मदद करता है। इस प्रोटोटाइप के लिए उसे आईनेक्स इंडिया प्रदर्शनी में स्वर्ण पदक मिला था। मनीषका कलर्स इनफिनिटी टीवी पर प्रसारित होने वाले शो 'द इन्वेंटर चैलेंज' की सबसे कम उम्र की विजेता रही है। वर्ष 2024 में उसने दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा के लिए एक स्मार्ट डिवाइस बनाई, जिसके लिए उसे थाईलैंड के राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद से स्वर्ण पदक और विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अलावा उसने साइप्रस और पोलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नवाचार प्रदर्शनियों में यंग ई-इनोवेटर अवॉर्ड और स्वर्ण पदक जीते हैं। मनीषका 'टिंकर टेकी' नामक स्टार्टअप की संस्थापक है, जिसका उद्देश्य लड़कियों को रोबोटिक्स और कोडिंग के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। उसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है और वह आईआईटी बॉम्बे के टेकफेस्ट में आयोजित ड्रोन प्रतियोगिता की सबसे कम उम्र की प्रतिभागी भी रही है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को प्रेरणास्त्रोत मानने वाली मनीषका भविष्य में एक अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक बनना चाहती है। *




जानकारी / नयनतारा

बच्चो, विंडमिल यानी पवनचक्की एक ऐसा यंत्र है, जो गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा या विद्युत ऊर्जा में बदलता है। विंडमिल कैसे काम करता है, इसका प्रयोग कब से शुरू हुआ? यहां बता रहे हैं विंडमिल से जुड़ी जानकारी।

# हवा से ऊर्जा उत्पन्न करने वाला यंत्र विंडमिल

बच्चो, विंडमिल एक ऐसा यंत्र है, जिसका प्रयोग अनाज पीसने, बिजली उत्पादन, पानी निकालने और सप्लाई करने जैसे कार्यों में किया जाता है। जानो, इस पारंपरिक बहुपयोगी ऊर्जा उत्पादक यंत्र के बारे में।

**कब से शुरू हुआ प्रयोग:** विंडमिल का प्रयोग कोई आधुनिक युग की बात नहीं है। कई सदियों से विंडमिल का प्रयोग किसी न किसी रूप में होता आ रहा है। कहा जाता है, विंडमिल के सिद्धांत के बारे में लोगों को प्राचीन समय से ही जानकारी थी। 12वीं शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी में स्टीम पॉवर के आविष्कार तक इनका बड़ी संख्या में प्रयोग किया जाता था। 17वीं शताब्दी में अकेले नीदरलैंड देश में ही 8,000 से अधिक विंडमिल थीं। उन दिनों सिंचाई के लिए पानी पंप करने हेतु छोटी विंडमिल भी बहुत पॉपुलर थीं।



**पहले इसे क्या कहते थे:** शुरुआत में विंडमिल को 'पोस्ट' या 'जर्मन मिल' कहते थे। उसमें एक स्थिर वर्टिकल पोस्ट होता था, जिसके इर्द-गिर्द पूरी मिल घूमती थी ताकि विंडमिल हवा का सामना कर सके। एक अन्य प्रमुख प्रकार की विंडमिल 'टावर' थी, जिसे 'टरेट' या 'डच मिल' भी कहते थे। इसमें एक स्थिर टावर पर विंडमिल और शाफ्ट को घूमते हुए टरेट पर सेट किया जाता था।

**हवा में कैसे चलती है विंडमिल:** विंडमिल में हवा से चलने वाला एक पहिया होता है, जिसे विंडव्हील कहते हैं। इसमें एक शाफ्ट से अनेक बराबर के संतुलित वेन लगे होते हैं, जैसे तुम छत के पंखे में लगी उसकी पत्तियां देखते हो। इन वेन को सेल्स भी कहते हैं। जब हवा सेल्स से टकराती है तो विंडव्हील घूमने लगता है और शाफ्ट भी घूमती है। यह घूमता हुआ बल शाफ्ट से गियरों में या मशीन के उन पार्ट्स में जाता है, जो कि काम करते हैं। इस प्रकार विंड मिल से ऊर्जा उत्पन्न होती है। *

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

# खेलें ऐसी होली

रंग-उमंग
गुलाल प्रेम का,
भर लो अपनी झोली।
खेलो ऐसी होली।
भरो भरोसे के गहरे रंग,
अपने निश्छल मन में।
बेगानों को भी आज डुबा दो,
अपनेपन में।
गली-गली में धूम मचाओ,
साथ लिए हमजोली।
खेलो ऐसी होली।
गाओ हिलमिल गीत सुरीले,
रचे प्रेम के रंग में।
बना रहे विश्वास प्रेम,
मचले उमंग अंग-अंग में।
खुशबू बिखरे आंगन-आंगन,
बोलो ऐसी बोली।
खेलो ऐसी होली।
अपने रूठे हैं तो जाओ,
जाकर उन्हें मना लो।
द्वेष दुराग्रह, संदेहों की
होली चलो जला लो।
शब्द नहीं भाषा केवल
भावों से जाए तोली।
खेलो ऐसी होली।
पकी बालियां गेहूं की,
और बौराई अमराई।
टहनी-टहनी पल्लव पीके,
किंशुक फाग रचाई।
सुबह-शाम चुपके से,
मुस्काई बिखेरकर रोली।
तुम खेलो ऐसी होली।





कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

स्कूल में होली की छुट्टियां एनाउंस की गईं तो बच्चों ने घर जाते समय रंग खेलने का प्लान बनाया। हालांकि प्रिंसिपल सर ने गलत ढंग से होली ना खेलने की सख्त हिदायत दी थी, लेकिन बच्चों ने नहीं सुनी। स्कूल की छुट्टी होते ही बच्चों ने बाहर सड़क पर ऐसी हुड़दंग मचाई कि दुर्घटना हो गई। फिर तो बच्चों की सिट्टी-पिट्टी गुम

# होली का हुड़दंग




कल से स्कूल में होली की छुट्टियां हो रही थीं। बच्चों का मन रंग खेलने के लिए कई दिनों से मचल रहा था, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी। प्रिंसिपल सर ने स्कूल के अंदर रंग खेलने से सख्ती से मना कर रखा था। बच्चों ने तय कर रखा था, होली की छुट्टियों से पहले, आखिरी दिन स्कूल छुट्टी के बाद वे गेट के बाहर जाकर जी भर के रंग खेलेंगे। आज वही दिन था, इसलिए सभी पूरी तैयारी के साथ स्कूल आए थे। बच्चों ने अपने बस्तों में रंग की पुड़िया छुपा रखी थी। बोतलों में पानी भर रखा था। सभी को प्रतीक्षा थी, कब छुट्टी की घंटी बजे, वे स्कूल से बाहर निकल कर जमकर रंग खेलें।

तभी सूचना आई कि आखिरी पीरियड के बाद सभी बच्चों को स्कूल के सभाकक्ष में एकत्र होना है। सभी छात्रों और टीचर्स के सभाकक्ष में एकत्र होने के बाद प्रिंसिपल सर ने एक संक्षिप्त भाषण दिया। उन्होंने समझाया, 'देखो बच्चो, होली हंसी-खुशी और उमंग-उल्लास का त्योहार है, न कि शरारत, हुड़दंग और लड़ाई-झगड़े का। इसलिए होली के नाम पर तुम लोगों को कोई भी ऐसा काम नहीं करना है, जिससे किसी को भी कष्ट पहुंचे। इन दिनों मार्केट में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग बिक रहे हैं, जिनको लगाने से आंखों, बालों और स्किन को नुकसान पहुंचता है। तुम्हें भूलकर भी ऐसे रंगों को यूज नहीं करना है। मैंने तुम लोगों के लिए प्राकृतिक गुलाल का प्रबंध कर रखा है। तुम सभी एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगा कर गले मिलो, अपने टीचर्स से आशीर्वाद लो और इसके बाद शांतिपूर्वक अपने-अपने घर चले जाओ।'

चपरासी ने एक जगह मेज पर ढेर सारा हर्बल गुलाल लाकर रख दिया। प्रिंसिपल सर के कहने के अनुसार बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाया। टीचर्स को भी गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी अपना-अपना बस्ता और पानी की बोतलें संभाले स्कूल से बाहर आ गए। गेट से बाहर निकलते ही बच्चे प्रिंसिपल सर की दी सारी हिदायतें भूल गए। बच्चों ने अपने बस्ते से रंग निकाला और हुड़दंग शुरू कर दिया। सभी ने पानी की बोतलों में रंग तैयार किया और दौड़ा-दौड़ाकर एक-दूसरे पर फेंकने लगे। तीन-चार लड़के मिलकर किसी एक को पकड़ लेते थे, उसे सिर से पांव तक बुरी तरह रंग कर भूत बना देते थे। फिर एक को रंगने के बाद वे दूसरे लड़के को पकड़ने दौड़ पड़ते। लड़कों की इस धमा-चौकड़ी के कारण सड़क पर जा रहे वाहन चालकों को बहुत कठिनाई हो रही थी। हुड़दंग में मस्त बच्चों को इसकी जरा भी परवाह नहीं थी। इस धमा-चौकड़ी में एक हादसा हो गया। रंग से बचने के लिए अमित भागा जा रहा था। उसको पकड़ने के लिए रोहित, अमोल और संजय उसके पीछे दौड़ रहे थे। अचानक तभी सामने से एक कार आ गई। अमित को बचाने के लिए कार चालक ने एकदम से ब्रेक लगा दी। चीं...चीं...चीं करती कार थोड़ी दूर घिसटकर रुक गई। लेकिन कार के रुकते-रुकते भी अमित को कार के बोनट से टक्कर लग गई। वह सड़क पर गिर गया। अमित को गिरता देख ड्राइवर घबरा गया। उसने कार की हैंडल दाईं तरफ मोड़ी और भागने लगा। इस हड़बड़ी में कार अनियंत्रित हो गई। उधर अमित के पीछे दौड़ते आ रहे रोहित को भी टक्कर लग गई। वह भी चीख कर सड़क किनारे गिर पड़ा। ड्राइवर कार लेकर वहां से भाग गया।

लड़कों ने अमित और रोहित को कार से टक्कर खाकर गिरते देखा, उनकी चीखें सुनीं तो हुड़दंग कर रहे सभी लड़कों के सर चढ़ी होली की मस्ती छू-मंतर हो गई। रंग की बोतलें फेंक कर सारे लड़के अमित और रोहित की तरफ दौड़े। वे दोनों ही जमीन पर पड़े कराह रहे थे। बच्चों ने मिल कर उनको उठाया और रिक्शे में लादकर पास के अस्पताल में ले गए। रोहित के दाहिने पैर में मोच आ गई थी और उसका शरीर जगह-जगह से छिल गया था। अमित का भी शरीर छिल गया था, उसके सिर में घाव हो गया था, जिससे खून बह रहा था। अमित और रोहित की यह दशा देख सभी बच्चों के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगीं।

स्कूल के बाहर सड़क पर हुई दुर्घटना की सूचना प्रिंसिपल सर को मिली तो वह सारे टीचर्स के साथ भागे-भागे अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के इमरजेंसी रूम में अमित और रोहित की प्राथमिक चिकित्सा चल रही थी। बाहर बरामदे में रंगे-पुते भूत बने आठ-दस लड़के अपराधी की सी सूरत बनाए खड़े थे।

प्रिंसिपल सर ने अस्पताल के अंदर जाकर अमित और रोहित को देखा और डॉक्टरों से बात की। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों की ही स्थिति खतरे से बाहर है। उन्हें कोई गहरी चोट नहीं आई है। प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रिंसिपल सर ने एंबुलेंस से उन दोनों को उनके घर भिजवाया फिर बच्चों को डांटते हुए बोले, 'देख लिया तुम लोगों ने हुड़दंग करने का परिणाम...? दुर्भाग्य से अगर कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती तो...?'

सभी की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई।


'गलती हो गई सर! भविष्य में हम कभी ऐसी गलती नहीं करेंगे।' सर झुकाए खड़े कई बच्चे एक साथ बोले।

'चलो! देर आए, दुरुस्त आए। देखो, रंग खेलना कोई बुरी बात नहीं है। होली का त्योहार मौज-मस्ती करने के लिए तो होता है, हुड़दंग और शरारत करने के लिए नहीं। चलो, अब सभी लोग चुपचाप अपने-अपने घर जाओ।' प्रिंसिपल सर ने कहा तो सारे बच्चे अपने-अपने घर चल दिए। *

रोचक-ज्ञानवर्धक किताब / समीर गांगुली

# सौरमंडल की रोमांचक यात्रा

बच्चो, जिस किताब को अब तक लाखों बच्चे पढ़ चुके हैं, उसे तुम भी जरूर पढ़ना चाहोगे। यह किताब तुम्हें सौरमंडल के सभी ग्रहों के बारे में जानकारी कुछ ऐसे सरल अंदाज में देगी, जैसे तुम सौरमंडल की सैर कर रहे हो। जाने-पहचाने ग्रहों मंगल, बुध, शुक्र से लेकर अब तक तुम्हारे, हमारे लिए कुछ अनजाने ग्रहों सामिया, सर्कस, सेठना के बारे में भी यह किताब जानकारी देती है। इस किताब का नाम है 'सौरमंडल की सैर', इसके लेखक हैं देवेंद्र मेवाड़ी।




देवेंद्र मेवाड़ी हिंदी के जाने-माने बाल साहित्यकार हैं। वह इस किताब के माध्यम से बड़े ही मजेदार तरीके से सौरमंडल की सैर कराते हैं। वह कहानी के माध्यम से सौरमंडल विज्ञान के बारे में जानकारी देते हैं। इस किताब को तुम कहानी की किताब की तरह पढ़ सकते हो। पढ़ने के बाद आसमान की तरफ सिर उठाकर कहोगे, 'बहुत खूबसूरत हो तुम!'

हाल ही में इस किताब की 15वीं आवृत्ति आई है। बच्चो, सौर मंडल की सैर का रोमांचक आनंद लेने के लिए तुम इस किताब को जरूर पढ़ना चाहोगे। *

**किताब :** सौरमंडल की सैर,
**लेखक :** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य :** 70 रुपए,
**प्रकाशक :** नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली

## जीके क्विज- 194

1. हिंदी कैलेंडर (विक्रम संवत) का पहला महीना कौन-सा होता है?
2. टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने का रिकॉर्ड किस क्रिकेटर ने बनाया है?
3. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
4. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. 'भारत के मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. भारत का पिट्सबर्ग किस शहर को कहा जाता है?
7. कांसा किन धातुओं से मिलकर बना मिश्रधातु है?
8. अकबर के नवरत्नों में से एक बीरबल का वास्तविक नाम क्या था?
9. नीली क्रांति का संबंध किससे है?
10. कौन-सी गैस सबसे हल्की होती है?



बच्चो, जीके क्विज-194 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-193 का उत्तर :** 1.तारीक रहमान, 2.पश्चिम बंगाल, 3.नोवाक जोकोविच, 4.सरोजिनी नायडू, 5. 1853 ई., 6.फ्रांस, 7.दादाभाई नौरोजी, 8.H2SO4, 9.लैक्टोबेसिलस, 10.रैमन मैग्सेसे पुरस्कार

**जीके क्विज-193 का सही उत्तर देने वाले:** विकास-जबलपुर, कबीर-हिसार, राहुल-रेवाड़ी, नीटू-कोरिया, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, अनहद-बिलासपुर, किरण-बलौदा बाजार

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूरी तैयारी के साथ होली खेलने जा रहे एक बच्चे के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में सभी पांच अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी पांच अंतर खोजो।





## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां होली की उमंग में डूबे बच्चों का एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र के बगल में इसके कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इस चित्र को पूरा करो।




उत्तर : 1-b, 2-a, 3-c

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**बहादुरगढ़।** रोहद में नेशनल हाइवे पर बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। घायल की पहचान राजेश के रूप में हुई है। राजेश मूलतः समस्तीपुर बिहार का रहने वाला है और फिलहाल यहां रोहद स्थित कृष्णा नगर में रहता है। शाम करीब सात बजे वह साइकिल पर सवार होकर सब्जी खरीदने बाजार गया था। जब एनएच-9 पर झिलमिल होटल के निकट पहुंचा तो एक बाइक के साथ उसकी टक्कर हो गई। हादसे में उसे काफी चोट आई। राहगीरों ने उसे सीएचसी सांपला भर्ती कराया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई में पहुंची लेकिन राजेश बयान देने की स्थिति में नहीं था। इसके बाद उसके भाई मिथलेश के बयान लिए। उसके बयान पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाइक का नंबर पुलिस को मिल गया है। मामले में छानबीन जारी है।

### कंपनी में गया युवक वापस नहीं लौटा

**बहादुरगढ़।** घर से ड्यूटी के लिए निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। पुलिस को दी सूचना में दहकोरा निवासी कैलाश ने कहा है कि उसका 24 वर्षीय बेटा देवेंद्र गांव में स्थित एक कंपनी में काम करता है। गत 21 फरवरी को वह घर से कंपनी के लिए निकला, लेकिन वापस नहीं आया। तब से लेकर अब तक उसे तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करें। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें नागरिक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों से बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों दिन में गर्मी और सुबह-शाम ठंड का असर देखा जा रहा है, जिससे लोग अक्सर लापरवाही बरत लेते हैं और बीमार पड़ जाते हैं। आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सजग है। उन्होंने कहा कि आमजन पौष्टिक भोजन करें और सुबह शाम नियमित योगा एवं ध्यान करें।

### अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सड़क पर उतरे कर्मचारी

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



झज्जर। प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर वीरवार को सर्व कर्मचारी संघ के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता एसकेएस के जिला प्रधान रामबीर ने की जबकि संचालन जिला सचिव नरेश गुलिया द्वारा किया गया। जिला प्रधान रामबीर ने कर्मचारियों को दस सूत्रीय मांग पत्र के बारे में बताया कि आज पूरे देश में संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, अनुबंध, पार्ट-वन, गेस्ट टीचर, आउटसोर्स दैनिक वेतन भोगी व कर्मचारी की रोजगार व्यवस्था को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। ज्ञापन में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्णय अनुसार पक्का कर्मचारी घोषित करने, पीएफआरडीए बिल अधिनियम को निरस्त करने, नई एजुकेशन पॉलिसी को रद्द करने, आठवें वेतन आयोग का लाभ, कैशलेस उपचार सुविधा, चिराग योजना 2010 से पहले के शिक्षकों पर डेट की अनिवार्यता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को वापस ली जाए, जनसंख्या के अनुपात में पद सर्जित करने, भारत- अमेरिका कृषि ट्रेड डील को रद्द करने, निजीकरण पर रोक लगाने सहित कई प्रमुख मांगें रखी गई हैं। इसके उपरांत कर्मचारियों ने तहसीलदार शेखर नरवाल के माध्यम से हरियाणा के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन भेजा।

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन के राज्य अध्यक्ष जयपाल गुढ़ा, उप प्रधान अफलातून जाखड़, जिला प्रधान नवीन, जिला सेक्रेटरी देवेंद्र सहरावत, ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन यूनियन नेता बंसीलाल, रविंद्र, बिजेंद्र सैनी, भूपेंद्र यादव, रामदर्शन, कुलदीप, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से दिलबाग दलाल, विष्णु जांगड़ा, रमेश जाखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नर्सिंग कैडर ने ऑनलाइन ट्रांसफर नीति में छूट को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन नागरिक अस्पताल के समस्त नर्सिंग कैडर ने ऑनलाइन स्थानांतरण नीति से छूट देने की मांग उठाई है। इस संबंध में वीरवार को नर्सिंग ऑफिसरों ने सरकार और विभागीय उच्चाधिकारियों के नाम संबंधित ज्ञापन एसएमओ डॉ. विनय देशवाल के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नर्सिंग कैडर में लगभग 90 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएं हैं, जो नाइट शिफ्ट सहित उच्च जोखिम वाली सेवाएं लगातार दे रही हैं। उनका कार्य 24 घंटे और सातों दिन का होता है तथा ड्यूटी के बाद भी आपातकालीन कॉल के लिए तैयार रहना पड़ता है। दूरस्थ स्थानों पर तबादला होने की स्थिति में पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के चलते कार्य करना कठिन हो सकता है। नर्सिंग स्टाफ ने लंबित एलटीसी और ड्रेस अलाउंस का भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग भी की। कोविड-19 महामारी के दौरान उन्होंने अग्रिम पंक्ति में रहकर जिम्मेदारी निभाई और संक्रमण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। परिवार के सहयोग से ही वे यह दायित्व निभा सके, लेकिन अन्य स्थान पर स्थानांतरण होने पर परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। नर्सिंग कैडर ने सरकार से आग्रह किया है कि उनकी सेवाओं की प्रकृति को देखते हुए उन्हें ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के दायरे से बाहर रखा जाए।



बहादुरगढ़। एसएमओ डॉ. विनय देशवाल को ज्ञापन सौंपती नर्सिंग ऑफिसर।

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम व एचपीवी टीकाकरण पर दिए निर्देश

- सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर टीके नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगे, तीन माह चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रारंभ किए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। डीसी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर व जानलेवा रोग है, जिसकी रोकथाम टीकाकरण के माध्यम से संभव है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इस अभियान को मिशन मोड में चलाया जाए तथा अधिकतम पात्र किशोरियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जाए। शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र किशोरी टीकाकरण से वंचित न रहे। सिविल सर्जन डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि यह विशेष टीकाकरण अभियान तीन माह तक संचालित किया जाएगा तथा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर टीके निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

# हत्या की वारदात सुलझाने से पहले शव की शिनाख्त करना चुनौती

## गुमशुदा महिलाओं का डेटा जुटाया जा रहा

- माइनर से कंबल में लिपटा व रस्सियों से बंधा मिला था महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

तेजधार हथियार से हत्या कर कंबल में लपेट कर माइनर में फेंकी गई महिला की हत्या की गुत्थी सुलझाने से पहले पुलिस के लिए उसकी पहचान करना ही बड़ी चुनौती रहेगी। फिलहाल 72 घंटे के लिए शव बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में है। पुलिस द्वारा विभिन्न जिलों के थानों में इस संबंध में संपर्क साधा जा रहा है। गुमशुदा महिलाओं का डेटा जुटाया जा रहा है। दरअसल, बुधवार की दोपहर को एनसीआर माइनर में सफाई के दौरान कंबल में लिपटा महिला का शव मिला था। महिला के हाथ, पांव व मुंह रस्सी से बंधे थे। गर्दन तेजधार हथियार से कटी थी और कई अन्य जगह भी घाव थे। हत्या करने के बाद शव खुर्द बुर्द करने के मकसद से माइनर में फेंका गया है। इस संबंध में आसौदा थाने में हत्या का केस दर्ज हुआ है। महिला कौन है, कहां की है, किसने और किन कारणों से उसकी हत्या कहां पर की आदि फिलहाल सवाल बने हुए हैं। इन तमाम सवालों के जवाब के लिए आसौदा थाना पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

## न्यूज डायरी



### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान करना है, जिससे सुशासन की अवधारणा को और अधिक मजबूती मिले।

### शिविर में लोगों ने एसडीएम को बताई समस्याएं



**बहादुरगढ़।** वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम अभिनव सिवाच ने नागरिकों की जनसमस्याएं सुनीं। नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, पेंशन तथा नगर परिषद से संबंधित सहित कई मुद्दों पर शिकायत दी। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि समाधान शिविर केवल शिकायतें सुनने का मंच नहीं हैं, बल्कि यह बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था, पारदर्शिता और त्वरित सेवा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। इन शिविरों से आमजन को सीधे प्रशासन से संवाद का अवसर मिलता है, जिससे समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाए। एसडीएम ने जानकारी दी कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। आमजन इन शिविरों के माध्यम से अपनी समस्याएं दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार, बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण रखता है कार्यकर्ताओं को अपडेटः बड़ौली



**झज्जर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत वीरवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया, एआई, सरल और नमो एप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को अपडेट रखने का काम करता है। उन्होंने जिज्ञासा और समाधान सत्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती का मूलमंत्र दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म मानववाद की विचारधारा आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। उनका अंत्योदय के संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### बाबा प्रसादगिरी मंदिर में निकाली प्रभात फेरी



**झज्जर।** बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में आगामी चार मार्च से सात मार्च तक 53वें संत सम्मलेन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संत सम्मेलन के उपलक्ष्य में सात दिन पहले से प्रभातफेरी निकालकर जनजागरण किया जा रहा है। प्रतिदिन अलसुबह शुरू हुई प्रभातफेरी शहर की प्रमुख गलियों व चौक चौराहों से होते हुए वापिस मंदिर परिसर पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए तथा श्री रामनाम संकीर्तन के साथ बाबा के भंडारे का प्रचार किया।

### भ्रष्ट अधिकारियों पर सरकार करे कार्रवाई : सैनी

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने आरोप लगाया कि हुड्डा कांग्रेस सरकार में गोत्र के आधार पर नौकरियां दी गईं, जबकि 2014 के बाद भाजपा ने योग्यता के आधार पर भर्ती की। पूर्व सरकार में लगे कुछ अधिकारी आज भी काम लटकाकर भ्रष्टाचार बढ़ा रहे हैं, इसलिए सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### पोस्टर मेकिंग में विनय व निबंध में विशाल रहा प्रथम



*झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में वीरवार को प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में विज्ञान विभाग में पोस्टर मेकिंग व वाणिज्य विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र विनय को प्रथम, हिमांशी को द्वितीय व बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा रिया को तृतीय स्थान मिला। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विशाल ने पहला, प्रीति ने दूसरा व गुरु प्रसाद ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य राजेश कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. अनिल कुमारी, डॉ. सुनीता, डॉक्टर मोनिका, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अंजूबाला, डॉक्टर सिल्की जैन, डॉ. सुमित व डॉ. जितेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

# सड़क पर गंदा पानी जमा होने से पैदल चलना मुश्किल

## शास्त्री नगर और सेक्टर 9 के बीच से गुजर रही सड़क पर हालात बेहद खराब

- असहनीय दुर्गंध के कारण यहां बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सौंदर्यीकरण और विकास के दावों के बीच बहादुरगढ़ में कुछ जगह ऐसी भी हैं, जहां लोगों को पैदल चलने तक का भी रास्ता नहीं मिल रहा। रोजाना सैकड़ों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नीलवाल गोंडा पर भी कुछ ऐसे ही हालात बने हैं। यहां शास्त्री नगर और सेक्टर 9 के बीच से गुजर रही सड़क पर पिछले काफी समय से गंदगी भरे हालात हैं। सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है। स्थिति ये है कि पैदल चलने तक का भी रास्ता नहीं है। इसके अलावा असहनीय दुर्गंध के कारण यहां बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास और स्वच्छता के दावे यहां हवा हवाई साबित हो रहे हैं। दो पहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां सफाई व निकासी के बंदोबस्त दुरुस्त किए जाने की बेहद दरकार है लेकिन इस तरफ किसी का भी ध्यान नहीं है। न तो अधिकारी यहां आकर झांकते हैं और न ही जनप्रतिनिधि इसके समाधान में रुचि ले रहे।



बहादुरगढ़। शास्त्री नगर व सेक्टर-9 के बीच गुजरने वाले रास्ते पर फैली गंदगी।

### शिविर में शिक्षक पवन कुमार ने स्वयंसेवकों को योग व ध्यान का अभ्यास करवाया

# निशु, तन्नू, दिव्या और कृष्णा को मिला श्रेष्ठ स्वयंसेवक का खिताब


**विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्य से अवगत करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ की एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर वीरवार को संपन्न हो गया। सातवें दिन की शुरूआत प्रार्थना व योगाभ्यास से हुई।

शिक्षक पवन कुमार द्वारा स्वयंसेवकों को योग व ध्यान का अभ्यास कराया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों को स्वच्छत अभियान चलाकर शिविर स्थल व निकटवर्ती क्षेत्र की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। समापन समारोह में प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सतवीर सिंह व प्रशासनिकक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र ने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्य से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिवानी व डॉक्टर सवीन ने सात दिनों की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिविर के दौरान अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सक्रिय भागीदारी एवं सेवा भावना के आधार पर इकाई-1 से निशु व तन्नु तथा इकाई-2 से दिव्या कृष्ण को श्रेष्ठ स्वयंसेवक घोषित किया गया।

प्रतिभागी स्वयंसेवकों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार, ओमबीर, मंजू कुमारी, डॉक्टर सीटू, प्रियंका, नितिन, मंजीत, पवन कुमार, प्रदीप कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

**सूचना**

मैं, रामनिवास पुत्र श्री सूरत सिंह निवासी मकान नंबर-194, गली नंबर-3, शंकर गार्डन, लाईनपार बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित व पुत्रवधु स्वाति तथा पुत्र जयदीप व पुत्रवधु प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NOTICE**

**In the Court of AC, 1st Grade, Tehsildar Bahadurgarh**

**Rajender Singh V/S Mahender etc.**

Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfactions of the court that respondents nos. 1. Mahender S/o Ramjilal, 2. Raj Singh, 3. Chander Singh, 4. Deewan Singh, 5. Surender Singh Ss/o Nayadar, 6. Nardev S/o Smt. Dahnkaur, 7. Yashdev S/o Smt. Dhankaur, 8. Sumandev S/o Smt. Dhankaur, 9. Sahdev S/o Smt. Dhankaur, 10. Amit, 11. Namit Ss/o Jagbir, 12. Raghbir, 13. Mahabir Ss/o Kanhiya, 14. Gopi S/o Jiwan All R/o 7 Biswa, Jatwara Mohalla, Bahadurgarh, District Jhajjar, Haryana, are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents named in the application attached to appear before this court on 18/03/2026 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them. Given under my hand the seal of the court.

**Sd/-AC 1st Grade, Bahadurgarh**

**NOTICE**

**In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh**

**Anil etc. Versus Sardare etc.**

1. (a) Santosh d/o Sardare, 1 (b) Hawa Singh S/o Sardare, 1(c) Saraswati wd/o Rajesh S/o Sardare, 1(d) Manisha (minor) d/o Rajesh S/o Sardare, 1(e) Khushi (minor) d/o Rajesh S/o Sardare, 1(f) Tanisha (minor) d/o Rajesh S/o Sardare All minor's through their mother Smt. Saraswati, 2. Rattan Kaur wd/o Deshan S/o Bhimal, 3. Jasbir S/o Balvir S/o Bhimal, 4. Bhim Singh S/o Balvir S/o Bhimal, 5. Smt. Kriti D/o Smt Sarita D/o Deshan, 6. Monika D/o smt. Sarita D/o Deshan, 7. Krishan S/o Deshan S/o Bhimal, 8. Anita D/o Deshan S/o Bhimal, 9. Krishna D/o Deshan S/o Bhimal, 10. Indersingh S/o Sultan S/o Rampat, 11. Tejsingh S/o Sultan S/o Rampat, 12. Jora Singh S/o Sultan S/o Rampat, 13. Karmbir Singh S/o Sultan S/o Rampat, 14. Santosh wd/o Balbir S/o Bhimal. All resident of Village Kanonda, Tehsil Bahadurgarh. Distt Jhajjar. Haryana Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 09-03-26 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of the court.

**Sd/-AC 1st Grade, Bahadurgarh**

खबर संक्षेप

## रॉयल ग्रीन काउंटी में होली महोत्सव एक को

**बहादुरगढ़।** बादली-गुरुग्राम मार्ग स्थित रॉयल ग्रीन काउंटी में होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। एक मार्च को होली महोत्सव मनाया जाएगा। काउंटी के निवासी और रॉयल ग्रीन रियलटी के प्रमोटर्स और स्टाफ भी महोत्सव में शामिल होंगे। रॉयल ग्रीन रियलटी के एमडी यशांक वासन ने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि होली तो एक ऐसा त्योहार है, जहां लोग अपने सारे गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के साथ मिलकर हंसी खुशी रहने का प्रण लेते हैं। मिठाई खिलाकर, रंग लगाकर खुशियों को और रंगीन बनाते हैं। उन्होंने कहा कि रॉयल ग्रीन रियलटी से जुड़ा हर शख्स उनका अपना परिवार है और परिवार के साथ मिलकर त्योहार मनाने से त्योहार की खुशियां और भी ज्यादा बढ़ती हैं।



## अवैध हथियार सहित युवक किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एमआईई चौकी पुलिस ने अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार किया है। गंदा नाला रोड महिला थाने के निकट से काबू किए गए आरोपी की पहचान कुनाल के रूप में हुई है। वह गांव खैरपुर का रहने वाला है। उसके पास तलाशी के दौरान देशी पिस्तौल मिली। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज हुआ है।

## उत्तर कॉलोनी की समस्या का हुआ समाधान

**बहादुरगढ़।** वार्ड-24 की उत्तम कॉलोनी गली नंबर-4 में लंबे समय से चल रही सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान हो गया है। कॉलोनी निवासियों उमा, चंद्रप्रकाश, पूनम सहगल, सुमन, सतीश, राम देवी और पिंकी गोयल ने समाजसेवी यशपाल हिंदुस्तानी से संपर्क कर समस्या रखी थी। यशपाल हिंदुस्तानी के अनुसार, उनके प्रयासों पर पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई अतुल त्यागी ने मौके पर पहुंचकर सीवरेज लाइन की सफाई करवाई। समस्या के समाधान पर निवासियों ने एसडीओ नितिन व जेई अतुल त्यागी का आभार जताया।

### ब्रह्मचारी जयराम दास पंचायती गोशाला बेरी में मनाया जा रहा चार दिवसीय महोत्सव

# गोशाला के वार्षिकोत्सव में दिल खोलकर लाखों रुपयों का किया दान, हुआ सम्मान

*नगर पालिका बेरी के चेयरमैन देवेंद्र उर्फ बिल्लू पहलवान ने दस लाख, मुंशीराम कादियान ने 5 लाख 5 हजार, दलबीर मान ने 3 लाख 51 हजार, माजरा दूबलधन ग्रामवासियों ने 3 लाख 12 हजार रुपये दान किए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

ब्रह्मचारी जयराम दास पंचायती गोशाला बेरी द्वारा मनाए जा रहे चार दिवसीय वार्षिकोत्सव में दानदाताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पालिका बेरी के चेयरमैन देवेंद्र उर्फ बिल्लू पहलवान ने दस लाख रुपये, मुंशीराम कादियान ने 5 लाख 5 हजार रुपये, दलबीर मान ने 3 लाख 51 हजार रुपये, माजरा दूबलधन ग्रामवासियों द्वारा 3 लाख 12 हजार रुपये, जय नारायण ने 2 लाख 10 हजार रुपये, मदाना खुर्द ग्रामवासियों द्वारा 1 लाख 53 हजार रुपये, राजपाल सिंह ने 1 लाख 51 हजार रुपये दान स्वरूप प्रदान किए।

वहीं, 1 लाख 11 हजार रुपये की दान राशि भेंट करने वाले लोगों में रिटायर्ड डीएसपी सुनील कुमार, रणबीर सिंह माजरा दूबलधन, डॉक्टर सतपाल तथा 1 लाख 1 हजार रुपये की दान राशि देने वाले लोगों में बाबा बुद्धपुरी जाट धर्मशाला बेरी, जोगेंद्र उर्फ जोगी दूबलधन व रवि शामिल रहे। बेरी निवासी लीला व राजेंद्र आर्य द्वारा 51 एकड़ का तूड़ा व 51 मण गेहूं व 51 हजार रुपये भेंट किए। इनके अलावा 51 हजार रुपये का दान देने वाले लोगों में सुदेश बालंद, करतार सिंह दतौड़, राजीव, धर्मराज, धर्मपाल मांगावास, सारा देवी, सुधीर एडवोकेट दूबलधन, शमशेर सिंह व उमराव सिंह बिरड़, सोनू व मोनू माजरा दूबलधन शामिल रहे जबकि जयभगवान ठेकेदार द्वारा माजरा स्थित दानपात्र के माध्यम से 51 हजार रुपये की भेंट की। गोशाला समिति सदस्यों द्वारा सभी दानदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सूबेदार धीर सिंह, जयभगवान जांगड़ा, धर्मपाल, रामधन, नरेश कादियान, कैप्टन राज सिंह, सूबे सिंह, राजेंद्र आर्य, सतीश, शिव कुमार, सुरेंद्र कादियान, चरण सिंह, महाबीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** दानदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए गोशाला समिति सदस्य।

## छात्राओं को दी ब्राइडल मेकअप की आधुनिक तकनीकों की जानकारी



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तीन दिवसीय व्यवसायिक ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. प्रियंका ने बताया कि कार्यशाला का विशेष आकर्षण सादा एवं ब्राइडल मेकअप की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण रहा। प्रशिक्षक सुमित्रा ने छात्राओं को त्वचा की सही पहचान, स्किन प्रिपरेशन, फाउंडेशन के चयन एवं उसके सही प्रयोग की विधि, फेस कंटूरिंग, हाईलाइटिंग तथा विभिन्न फेस शेप के अनुसार मेकअप करने की बारीकियां विस्तार से समझाई। इसके अलावा ब्राइडल मेकअप में रंग संयोजन, आई मेकअप की नवीनतम ट्रेंड तकनीकें, हेयर स्टाइलिंग के मूल तत्व तथा ड्रेस व आभूषणों के अनुरूप संपूर्ण लुक तैयार करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं को स्वयं अभ्यास करने का अवसर भी प्रदान किया गया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को इस तरह की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

*वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन*

# युवा वर्ग राष्ट्र के निर्माण की धुरी : डॉ. राजवंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जिलास्तरीय युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन उत्साह, अनुशासन और जागरूकता के वातावरण में हुआ।

मुख्य अतिथि वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा रहीं। सर जीन हेनरी ड्यूनांट के समक्ष दीप प्रज्वलन व रेडक्रॉस ध्वज गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण की धुरी है और सेवा, अनुशासन तथा नेतृत्व क्षमता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। विशेष अतिथि के रूप में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक मुदित गर्ग ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की डॉ. मोनिका ने युवा और नशा, प्रभाव व समाधान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज झज्जर की डायरेक्टर बाला धनखड़ ने राष्ट्रीय एकता पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि विविधता में एकता ही भारत की शक्ति है। शिविर में एकल नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, झज्जर की कोमल कुमारी रहीं, द्वितीय स्थान पर राजकीय कॉलेज, दूबलधन की नेहा रहीं। तीसरे स्थान पर वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की मुस्कान वत्स व राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की अंजली रहीं।

## जहाजगढ़ में श्री श्याम महोत्सव कल कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में शनिवार को श्री खाटू श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य डॉक्टर महेश कुमार, पंकज शर्मा, डॉक्टर सुधन सोनी, नवीन शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय शर्मा, केशव गुप्ता व सोनू ने बताया कि एक शाम खाटू वाले के नाम शीर्षक से मेन बाजार में आयोजित इस श्याम गुणगान महोत्सव में दोपहर तीन बजे सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। देर शाम करीब सवा आठ बजे शुरू होने वाले इस आयोजन में गायक कलाकार मथुरा निवासी कृष्ण, बलराम महाराज, मनीष कौशिक, नरेश वर्मा, मुस्कान दीक्षित द्वारा भजनों के माध्यम से श्री श्याम की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

# नशा युवाओं और समाज के लिए गंभीर खतरा: स्वीटी मलिक

- चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. सविता पूनिया के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन वीरवार को हो गया।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति जागरूकता तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विविध गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. ललिता ने मुख्य अतिथि डॉ. सविता पूनिया व हरियाणा नशा मुक्ति अभियान की ब्रांड एंबेस्डर स्वीटी मलिक का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। डॉ. सविता पूनिया ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। इस अवसर पर परिसर में लगभग 100 फलदार पौधे लगाए गए। मुख्यातिथि स्वीटी मलिक ने कहा कि नशा युवाओं और समाज के लिए गंभीर खतरा है, जिसका समाधान सामूहिक जागरूकता तथा सहभागिता से ही संभव है। कार्यक्रम में डॉ. अनीता दलाल, डॉ. अश्वनी कुमार, देवेंद्र, डॉ. मनोज कुमार, मंजू मलिक, लोकेश सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## विद्यार्थियों ने किया अमृत उद्यान का भ्रमण




**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों को नई दिल्ली स्थित अमृत उद्यान का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उद्यान में खिले गुलाब, ट्यूलिप, गेंदा, डहेलिया, पैंसी और लिली सहित विभिन्न प्रकार के आकर्षक पुष्पों का अवलोकन किया। साथ ही औषधीय पौधों, हर्बल गार्डन और हरित सज्जा ने बच्चों को काफी प्रभावित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, बागवानी कला तथा पर्यावरण संतुलन के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

## चालकों ने संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर



**बहादुरगढ़।** हरियाणा रोडवेज चालक संघ का सातवां स्थापना दिवस समारोह बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 स्थित कम्युनिटी सेंटर में उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में संघ से जुड़े तमाम पदाधिकारियों, कर्मचारियों ने एकता व भाईचारे पर बल दिया। साथ ही ड्यूटी के प्रति सजगता व विभाग हित के मुद्दों पर गहन मंथन हुआ। संगठन को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में चालक संघ के पूर्व प्रधान कृष्ण कादियान ने शिरकत की। जबकि पूर्व प्रधान रामकरण विशिष्ट अतिथि रहे। राज्य स्तरीय कमेटी के प्रधान संजीव राजे, राज्य महासचिव देवेंद्र बिट्टू, राज उप महासचिव देवेंद्र धनवंशी, राज्य चेयरमैन शमशेर सिंह, कैशियर ओमप्रकाश डाबोदा, सेवानिवृत्त प्रधान भगवान सिंह राठी व विभिन्न डिपो से आए कर्मचारियों ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई। सभी ने कर्मचारियों की मांगों व एकता को लेकर अपने विचार साझा किए।

## बढ़ता तनाव नशे की ओर ले जा रहा : तिवारी




**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय नशा मुक्ति सेल व रेडक्रॉस के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका प्राध्यापिका शिखा तिवारी ने निभाई। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि बढ़ता हुआ तनाव ही आज के युवा को नशे की ओर ले जा रहा है। रेडक्रॉस व नशा मुक्त सेल प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने कहा कि आज के समय में सभी अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों जैसे खेल, योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। डॉ. शालू शर्मा ने बताया कि नशे के दुष्प्रभाव मानव की न केवल सोचने समझने की शक्ति पर प्रभाव डालता है बल्कि नशा पीड़ति व्यक्ति को समाज से दूर कर एकांत में ले जाता है। जिला रेडक्रॉस झज्जर के फर्स्ट एड लेक्चरर कंचन कुमार ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाने व छात्राओं को नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए डॉ. राजवंती शर्मा का धन्यवाद किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### परिजनों व कुश्ती प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं

*तमिलनाडु में आज शुरू हो रही अंडर-15 नेशनल कुश्ती चैंपियशिप*

# नेशनल में दम दिखाएंगे नितेश सावन और अरमान पहलवान

- रोहतक के लाढोत में आयोजित हरियाणा स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप में दिखा चुके हैं दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** कोच धर्मेंद्र दलाल के साथ तीनों पहलवान। फोटो : हरिभूमि

हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान नितेश दलाल, सावन दलाल व अरमान शुक्रवार से तमिलनाडु में शुरू हो रही अंडर-15 नेशनल कुश्ती चैंपियशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। हरियाणा का दम दिखाने के लिए ये पहलवान रवाना हो गए हैं। रवाना होने से पूर्व परिजनों व कुश्ती प्रेमियों ने तीनों पहलवानों को शुभकामनाएं दीं। दरअसल, बीते दिनों रोहतक के लाढोत में हरियाणा स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। इसमें मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवानों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। फ्री स्टाइल 57 किलोग्राम भारवर्ग में नितेश दलाल, 52 किलोग्राम भारवर्ग में सावन दलाल तथा ग्रीकोरोमन के 62 किलोग्राम भारवर्ग में अरमान ने गोल्ड मेडल जीते हैं। जबकि अनीश दहिया ने 85 किलो फ्री स्टाइल व मोनू ने 48 किलोग्राम ग्रीको रोमन में ब्रांज मेडल जीते हैं। इनकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि 27 फरवरी से एक मार्च तक तमिलनाडु में अंडर-15 नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप होगी। इस चैंपियनशिप में हमारे अखाड़े के नितेश, सावन व अरमान प्रदेश की ओर से खेलेंगे। तीनों बेहद प्रतिभाशाली हैं। हमें यकीन हैं कि ये पहलवान मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



**बहादुरगढ़।** विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

# ड्राइविंग के दौरान फोन का उपयोग न करें: सतीश कुमार

- डीएसआर आर्य हाई स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पुलिस की ओर से डीएसआर आर्य हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रबंधक सतीश कुमार और थाना प्रबंधक सेक्टर-6 जय भगवान की संयुक्त टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को समझाया कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें और नशे की अवस्था में वाहन बिल्कुल न चलाएं। छोटी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि पढ़-लिखकर वे न केवल अपने माता-पिता बल्कि देश का भी नाम रोशन कर सकते हैं। पढ़ाई के साथ खेलकूद में सक्रिय भागीदारी, अनुशासन और सकारात्मक संगति को जीवन की सफलता के लिए आवश्यक बताया गया। अधिकारियों ने नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि यह व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है।